**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 15.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

1. लोकसभा में संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—संविधान देश की एकता का मुख्य स्तंभ है।
2. समाज कल्याण निदेशालय की ओर से चाइल्ड हेल्पलाइन—एक शून्य नौ आठ के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
3. स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से सभी कॉमन सर्विस सेंटर मालिकों के लिए, आयुष्मान भारत—पी एम जे ए वाई, सत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई।
4. कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड—दो हजार पच्चीस में सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
5. द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

लोकसभा में आज भारत के संविधान के पचहत्तर वर्षों की यात्रा पर लगभग पन्द्रह घंटों से अधिक चर्चा की गई। चर्चा में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संविधान देश में एकता का मुख्य स्तंभ है। लोकसभा में आज भारत के संविधान की पचहत्तर वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से देश में एकता लाने के लिए एन.डी.ए. सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि एक राष्ट्र एक राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, एक राष्ट्र एक ग्रिड और समावेशी बुनियादी ढांचे के विकास से देशवासियों को सहायता मिली है। तेज आर्थिक विकास पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है और देश आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री ने संविधान निर्माण में महिलाओं के योगदान को भी याद किया और कहा कि पिछले वर्ष संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया।।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से चाइल्ड हेल्पलाइन—एक शून्य नौ आठ के कामकाज के बारे में जागरूकता कार्यक्रम और वेबिनार का आयोजन किया। इस अभियान के तहत सेवा निकेतन, डेयरी फार्म स्कूल, साउथ प्वाइंट और डब्ल्यू.सी.डी. कंट्रोल रूम, वी.आई.पी. रोड जंगलीघाट में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य चाइल्ड हेल्पलाइन—एक शून्य नौ आठ द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में बताना और छात्रों, पी आर आई सदस्यों, आशा कार्यकर्ताओं, गैर—सरकारी संगठनों, एस एच जी सदस्यों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बच्चों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा के लिए जागरूक करना था।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से कल निदेशालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में राज्य स्वास्थ्य एजेंसी दक्षिण अंडमान के सभी कॉमन सर्विस सेंटर मालिकों के लिए, आयुष्मान भारत–पी एम जे ए वाई, सत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। ए बी– पी एम जे ए वाई के नोडल अधिकारी डॉ. पी. लाल ने सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए कार्ड बनाने की प्रक्रिया और पात्रता मानदंडों को रेखांकित किया तथा आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रमुख पहलुओं पर भी चर्चा की। इस कार्यशाला का उद्देश्य सी एस सी मालिकों को आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में शिक्षित करना था, इस योजना में सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया गया है। यह योजना सत्तर वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार सुनिश्चित करती है, जिसमें एकमात्र पात्रता मानदंड यह है कि व्यक्ति की आयु सत्तर वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, इस योजना के तहत नामांकित बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदान किया जाएगा। सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस योजना से लाभ उठाने के लिए अपना नामांकन कर सकते हैं या अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की ओर से द्वीपसमूह के शिक्षा सदन में हाल ही में निरक्षरों, नवसाक्षरों और स्वैच्छिक शिक्षकों की पहचान करने के लिए व्यापक सर्वेक्षण ''उल्लास'' की शुरूआत की गई। इस उद्घाटन समारोह में जिला, ब्लॉक, क्लस्टर, स्कूल स्तर और सामाजिक चेतना केंद्र के एन.आई.एल.पी. के पदाधिकारियों ने वर्चुअल रूप से इसमें भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल ने द्वीपों को शत–प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए उनके प्रयासों के लिए सर्वेक्षण में शामिल सभी पदाधिकारियों की समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उप निदेशक राज्य नोडल अधिकारी, एस सुरेश कुमार ने कहा कि सभी चिन्हित असाक्षरों और नवसाक्षरों को स्कूल भवन में स्थित निकटतम सामाजिक चेतना केंद्र में नामांकित किया जाएगा और आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होने के योग्य बनाया जाएगा, ताकि इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उन्हें साक्षर होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जा सके। परियोजना अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण "सबका साथ–सबका विकास" के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने बताया कि यह सर्वेक्षण पेपरलेस होगा और उल्लास ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र और गणना की जाएगी। इस कार्यक्रम में सात सौ पांच पंजीकृत सर्वेक्षणकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड–दो हजार पच्चीस में 'रोचनात्मक भारत' पर सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अट्ठारह से चालीस वर्ष आयु वर्ग के युवा और जनजातीय कलाकार इसमें भाग ले सकते हैं। चयनित कलाकार एक महीने के अभ्यास एवं प्रदर्शन के लिए दिल्ली में रहेंगे। कलाकारों के लिए भोजन, आवास एवं स्थानीय परिवहन व्यवस्था, प्रदर्शन शुल्क एवं यात्रा व्यय संगीत नाटक अकादमी, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा वहन किया जाएगा। इच्छुक कलाकार संस्कृति निदेशालय, सेलुलर जेल परिसर, श्री विजयपुरम तथा विभाग के ईमेल में सोलह दिसम्बर शाम चार बजे तक आवेदन जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन की ओर से सप्ताहव्यापी गीता ज्ञान यज्ञ आज से शुरू हो रहा है। आज चिन्मय मिशन के सभागार में शाम छह बजे पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल इस यज्ञ का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर चिन्मय मिशन कोयाम्बटूर की पूज्या स्वामिनी विमलानन्दा जी शाम छह बजे से श्रीमद भगवद गीता के चौंथे अध्याय पर प्रवचन देंगी। मिशन की ओर से श्रद्धालुओं को इस गीता ज्ञान यज्ञ में बढ़–चढ़ कर भाग लेने को कहा गया है।

<><><><><><><>

श्री वीर हनुमान मन्दिर अपना तिरालिसवां वर्षगांठ लक्षरचना पूजा का आयोजन कर रहा है। यह पूजा आज से लेकर उनतीस दिसम्बर तक सुबह दस बजे से ग्यारह बजे और शाम छह बजे से सात बजे तक चलेगी। इसके अलावा मंगलवार, शनिवार को सुबह नौ बजे और शाम पांच बजे लक्षरचना पूजा की जाएगी तथा एक जनवरी को विशेष लक्षरचना पूजा का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं को भगवान श्री वीर हनुमान जयंती और लक्षरचना पूजा में आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

एम. वी. सेन्टीनल ननकौड़ी होते हुए लिटिल अण्डमान, कार–निकोबार, चौरा, तेरेसा और कच्छाल के लिए उन्नीस दिसम्बर को सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और बाईस दिसम्बर को सुबह पांच बजे उन्ही रास्तों से होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। यात्री कल से स्टार्स टिकटिंग काउंटर और ई–टिकटिंग पोर्टल से टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि आज एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने और हवा की गति पैंतीस से पैंतालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की संभावना है। समुद्र की स्थिति खराब होने के कारण मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे आज समुद्र में न जाए।

<><><><><><><>